**भारत सरकार**
**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1470**
**उत्तर देने की तारीख 01.07.2019**

**नए केंद्रीय विश्वविद्यालय**

**1470. श्री कानुमुरु रघुराम कृष्णराजूः**

(क) क्या सरकार देश में 13 नए केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने और उनकी अवसंरचनात्मक सुविधाओं हेतु 3600 करोड़ रुपये आबंटित करने की योजना बना रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के अनुसार आंध्र प्रदेश राज्य में कोई ऐसा विश्वविद्यालय स्थापित किया जा रहा है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) उक्त विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु कितनी निधि आबंटित की गई है?

**उत्तर**
**मानव संसाधन विकास मंत्री**
**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) से (ङ) नही महोदय । वर्तमान में, देश में नया केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। हालाँकि, आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2014 में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्य में एक एक-केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय और आंध्र प्रदेश में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की परिकल्पना की गई है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने 18.8.2015 को बिहार के लिए एक पैकेज की घोषणा की जिसमें विक्रमशिला विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक स्थल पर भागलपुर के पास एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना शामिल है। वर्तमान में आंध्र प्रदेश में प्रस्तावित केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने के पहले चरण का खर्च पूरा करने के लिए क्रमशः 420 करोड़ और 450 करोड़ रुपए की निधि का प्रावधान है।

पूर्व में, केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के तहत स्थापित 13 नए केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए संशोधित लागत अनुमान की मंजूरी दी थी (ई.सी.आर), जिसमें वर्ष 2018-19 से 2020-21 तक की अवधि के लिए 3639.32 करोड़ रुपये का व्यय आवश्यक अवसंरचना के निर्माण और आवर्ती व्यय के लिए स्वीकृत किया गया था ।

*****